दिनांकः 14.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आज–प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा प्रकरणों के निस्तारण के लिए 480 बैंच गठित।
- राजस्थान दिवस समारोह के तहत आज से स्वच्छता सप्ताह का आगाज़–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अल्बर्ट हॉल से दिलाया स्वच्छता का संकल्प।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा–देश में एलपीजी की कमी नहीं–रोज़ाना 50 लाख सिलेंडरों का वितरण।
- प्रदेश के अस्पतालों में आईसीयू सेवाओं को मज़बूत करने के लिए मानक गाइडलाइन तैयार की जा रही है।

000

वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आज आयोजित की जा रही है। यह लोक अदालत राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ, जोधपुर और जयपुर पीठ सहित सभी अधीनस्थ न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों, राजस्व न्यायालयों और अन्य अधिकरणों में लगाई जा रही है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि प्रदेशभर में राष्ट्रीय लोक अदालतों के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं। इसके लिए प्रदेश में 10 लाख 23 हजार से ज्यादा प्रकरण सूचीबद्ध किये गये हैं। इन मामलों के निस्तारण के लिए 480 बैंच गठित की गई हैं। इन बैंचों के समक्ष पक्षकार आपसी सहमति और सुलह से मामले निपटा सकेंगे। प्रकरणों की सुनवाई ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जाएगी। राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा जयपुर पीठ में लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे। वहीं जोधपुर पीठ में लोक अदालत की शुरूआत हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायधीश पुष्पेन्द्र सिंह भाटी करेंगे।

000

राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में आयोजित हो रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आज से शुरू हो रही है। इसी कड़ी में आज स्वच्छता सप्ताह का आगाज़ होगा। इस दौरान जयपुर में राज्य स्तरीय और सभी जिलों में कार्यक्रम रखे गये हैं। राजधानी जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान की शुरूआत काफी अहम है।
उन्होंने बताया कि राजस्थान के सभी गांव ओडीएफ घोषित किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का ये संकल्प है कि राजस्थान स्वच्छता के साथ ही सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े।

-------------

कल प्रदेश में विकसित राजस्थान दौड़ रखी गई है। राज्य स्तरीय दौड़ को मुख्यमंत्री श्री शर्मा फ्लैग ऑफ करेंगे। साथ ही सभी जिलों में दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कल राजस्थान को जानें डिजिटल क्विज़ का भी शुभारंभ होगा। वहीं जयपुर में एक जिला–एक उत्पाद मेला और राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की भी शुरूआत होगी। दिल्ली के बीकानेर हाउस में भी कल से पांच दिवसीय राजस्थान दिवस समारोह का शुभारंभ किया जाएगा।

000

राज्य सरकार ने देर रात 64 आईपीएस अफसरों के तबादले किये हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार इसमें 27 एसपी, डीसीपी और 17 डीआईजी शामिल हैं। जयपुर कमिश्नरेट में एडिशनल कमिश्नर प्रथम, डीसीपी पूर्व और पश्चिम तथा डीसीपी ट्रैफिक को बदल दिया गया है। अजय सिंह को अतिरिक्त आयुक्त प्रथम बनाया गया है। वहीं रंजीता शर्मा डीसीपी पूर्व और प्रशांति किरण डीसीपी पश्चिम होंगे।

यातायात का ज़िम्मा निश्चय प्रसाद को दिया गया है। अमृता दुहन को उदयपुर, मृदुल कच्छावा को बीकानेर और पुष्पेन्द्र को सिरोही पुलिस अधीक्षक का ज़िम्मा दिया गया है।

000

जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित तीन अधिकारियें के खिलाफ एसीबी की विशेष अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। पिछले कई दिनों से काफी तलाश के बाद भी इनका कोई सुराग नहीं मिलने पर अदालत ने आरोपियों को गिरफ्तारी वांरट जारी कर तलब किया है। गौरतलब है कि पिछले महीने एसीबी ने इनकी तलाश में छापेमारी कर नौ अन्य अधिकारियों को गिरफ्तारी किया था। इनके लिए लुकआउट नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

000

भारत ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर ईरान से ऊर्जा और माल के निर्बाध आवागमन के महत्व पर प्रकाश डाला है। नई दिल्ली में कल हुए अंतर–मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन से बातचीत की है।

-------------

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत पेट्रोल और डीजल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के हो रही है। उन्होंने कहा कि 25 हजार एलपीजी वितरकों के पास एलपीजी की कोई कमी नहीं है और प्रतिदिन 50 लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

वही, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सेंथिल राजन ने लोगों से एलपीजी की बुकिंग केवल आधिकारिक माध्यमों से करने की अपील की है और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने को कहा है।

इधर, प्रदेश में भी घरेलू और व्यवसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी जिलों में सतर्कता दल कड़ी निगरानी रख रहे हैं। जयपुर में जिला रसद अधिकारी ने तीन स्थानों पर कार्रवाई कर 83 गैस सिलेंडर और एक पिकअप जब्त की।

000

देश में करीब 77 प्रतिशत रेलगाड़ियां समय से चल रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल राज्यसभा में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समयबद्धता का मापन निर्धारित समय सीमा के भीतर पहुंचने वाली रेलगाड़ियों के प्रतिशत से किया जाता है। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने अपने विशाल नेटवर्क के प्रदर्शन में सुधार के लिए कई रणनीतियां अपनाई हैं।

-------------

000

प्रदेश के अस्पतालों में इंटेंसिव केयर इकाईयों–आईसीयू सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए मानक गाइडलाइन तैयार की जा रही हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल इस बारे में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर विशेषज्ञों से सुझाव लिये। श्रीमती राठौड़ ने बताया कि गंभीर रोगियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं देने और आपात स्थितियों में बेहतर चिकित्सा प्रबंधन के लिए गाइडलाइंस तैयार की जा रही हैं। इसके लिए मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ चिकित्सकों, मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों तथा आईसीयू प्रभारियों से सुझाव मांगे गए हैं। इनके आधार पर गाइडलाइन तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि आईसीयू में संक्रमण रोकथाम, गंभीर रोगियों की उचित देखभाल, प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता, सहित विभिन्न सेवाओं को शामिल किया जाएगा।

000